# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर

## (आवश्यक सूचना)

उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के अधिसूचना ज्ञापांक 7/नियो0–09/2022–366 पटना, दिनांक 30.03.2022 तथा निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार के ज्ञापांक 07/नि0 1–08/2011–33 पटना, दिनांक 18.01.2022 द्वारा जिलान्तर्गत शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु दिशा निदेश दिये गये थे। विभागीय आदेश ज्ञापांक 3907 दिनांक 31.10.2025 में पंचायती राज संस्था एवं नगर निकाय संस्था अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु विभागीय अधिसूचना संख्या 954 दिनांक 27.02.2026 द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के कुल 239 (दो सौ उनचालीस) सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के ज्ञापांक 1168 पटना, दिनांक 30.03.2026 द्वारा नियोजन से संबंधित गतिविधि हेतु समय–सारणी/कैलेण्डर निर्धारित किया गया है। तदालोक में जिलान्तर्गत निम्नांकित नियोजन इकाईयों को पद उपावंटित किए गए हैं। उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के ज्ञापांक–1378 पटना, दिनांक 17.12.2021 के बिन्दु 6 (iii) के अनुसार शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों के पद पर योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थीगण के द्वारा विहित प्रपत्र (यथा निर्देशित) में आवेदन पत्र नियोजन समिति के सदस्य सचिव के स्तर पर हाथों–हाथ, स्पीड पोस्ट अथवा निबंधित डाक से दिनांक 11.04.2026 से 26.04.2026 तक प्राप्त किए जाएंगे। रिक्तियों का विवरण नियोजन इकाईवार एवं कोटिवार निम्न प्रकार है :–

| क्रमांक | नियोजन इकाई का नाम | पिछड़ा वर्ग | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | कुल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम समस्तीपुर | 1 | 3 | **4** | |
| 2 | नगर पंचायत मुसरीघरारी | 1 | 0 | **1** | |
| 3 | नगर पंचायत सरायरंजन | 0 | 1 | **1** | |
| 4 | नगर पंचायत सिंघिया | 1 | 0 | **1** | |
| 5 | नगर परिषद पटोरी | 0 | 1 | **1** | |
| 6 | नगर परिषद रोसड़ा | 0 | 1 | **1** | |
| 7 | नगर परिषद ताजपुर | 1 | 0 | **1** | |
| 8 | प्रखंड नियोजन इकाई विभूतिपुर | 1 | 3 | **4** | |
| 9 | प्रखंड नियोजन इकाई बिथान | 1 | 0 | **1** | |
| 10 | प्रखंड नियोजन इकाई दलसिंगसराय | 1 | 1 | **2** | |
| 11 | प्रखंड नियोजन इकाई हसनपुर | 2 | 3 | **5** | |
| 12 | प्रखंड नियोजन इकाई कल्याणपुर | 2 | 4 | **6** | |
| 13 | प्रखंड नियोजन इकाई खानपुर | 2 | 3 | **5** | |
| 14 | प्रखंड नियोजन इकाई मोहनपुर | 1 | 2 | **3** | |
| 15 | प्रखंड नियोजन इकाई मोहिउद्दीननगर | 1 | 2 | **3** | |

| क्रमांक | नियोजन इकाई का नाम | पिछड़ा वर्ग | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | कुल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | प्रखंड नियोजन इकाई मोरवा | 2 | 1 | **3** | |
| 17 | प्रखंड नियोजन इकाई पटोरी | 1 | 3 | **4** | |
| 18 | प्रखंड नियोजन इकाई पूसा | 1 | 2 | **3** | |
| 19 | प्रखंड नियोजन इकाई रोसड़ा | 0 | 0 | **0** | |
| 20 | प्रखंड नियोजन इकाई समस्तीपुर | 2 | 2 | **4** | |
| 21 | प्रखंड नियोजन इकाई सरायरंजन | 2 | 2 | **4** | |
| 22 | प्रखंड नियोजन इकाई शिवाजीनगर | 2 | 3 | **5** | |
| 23 | प्रखंड नियोजन इकाई सिंघिया | 0 | 2 | **2** | |
| 24 | प्रखंड नियोजन इकाई ताजपुर | 0 | 0 | **0** | |
| 25 | प्रखंड नियोजन इकाई उजियारपुर | 2 | 1 | **3** | |
| 26 | प्रखंड नियोजन इकाई विधापतिनगर | 0 | 2 | **2** | |
| 27 | प्रखंड नियोजन इकाई वारिसनगर | 2 | 2 | **4** | |

**कुल :– 73**

**नोट** :– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार, पटना के संकल्प संख्या 962 दिनांक 22.01.2021 द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के आलोक में दिव्यांगता से ग्रस्त उम्मीदवारों को 4 प्रतिशत तथा विभागीय परिपत्र संख्या 2526 दिनांक 18.02.2016 के आलोक में राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतीनी को 2 प्रतिशत, महिलाओं हेतु 35 प्रतिशत तथा बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली 2023 के आलोक में 10 प्रतिशत संबंधित कोटि में क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

11-4-26

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
स्थापना, समस्तीपुर

11/4/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी
समस्तीपुर

ज्ञापांक 715 /समस्तीपुर, दिनांक 11/04/2026 ई०।

प्रतिलिपि :– समस्तीपुर जिलान्तर्गत सभी संबंधित नियोजन इकाई के सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को जिले के वेब साइट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, दरभंगा प्रमण्डल दरभंगा की सेवा में सादर समर्पित।

प्रतिलिपि :– उप–विकास आयुक्त, समस्तीपुर की सेवा में सादर समर्पित।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर की सेवा में सादर समर्पित।

11/4/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी
समस्तीपुर

शिक्षा विभाग

बिहार सरकार

::अधिसूचना::

पटना, दिनांक–30/03/2026

संचिका संख्या–07/मु0–02–37/2025 1168 /तत्कालीन प्रवृत्त 'बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक(नियोजन एवं सेवा शर्त्त) नियमावली–2012' एवं ' बिहार नगर प्रारंभिक शिक्षक (नियोजन एवं सेवा शर्त्त) नियमावली–2012' सम्प्रति 'बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानान्तरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशर्त) नियमावली 2023' के प्रभावी तिथि के पूर्व का है, में प्रावधानित है कि मध्य विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं स्वस्थ्य अनुदेशक की नियुक्ति की जाएगी। उक्त नियमावली में शारीरिक शिक्षा एवं स्वस्थ्य अनुदेशक के संबंध में नियुक्ति हेतु नियुक्ति प्राधिकार, नियुक्ति हेतु अर्हता, सेवा संबंधी शर्तें, स्थानान्तरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं अवकाश के प्रावधानित किए गए हैं। विभागीय आदेश ज्ञापांक–3907 दिनांक–31.10.2025 में प्रावधान के आलोक में पंचायती राज संस्था एवं नगर निकाय संस्था अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन हेतु विभागीय अधिसूचना संख्या–954 दिनांक–27.02.2026 के द्वारा पिछड़ा वर्ग तथा अत्यंत पिछड़ा वर्ग के कुल 239 सफल अभयर्थियों को शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया संबंधी दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं।

2. उक्त दिशा–निर्देश के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा समय–सारणी / कैलेण्डर निर्धारित किया जाना है। साथ ही उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन के लिए विहित प्रपत्र तैयार किया जाना है।

3. उंक्त के क्रम में राज्य के मध्य विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक की नियुक्ति हेतु निम्नलिखित समय–सारणी / कैलेण्डर निर्धारित किया जाता है:–

| क्र०सं० | नियोजन से संबंधित गतिविधि | अवधि |
|---|---|---|
| (i) | जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालयवार पदों को उपावंटित करते हुए नियोजन इकाई को कोटिवार रिक्त पदों का जिला के NIC के पोर्टल पर संसूचन करना। | 08.04.2026 |
| (ii) | नियोजन इकाई द्वारा रिक्त पदों का जिला के NIC के पोर्टल पर प्रकाशन । | 11.04.2026 |
| (iii) | योग्य अभ्यर्थियों द्वारा संलग्न विहित प्रपत्र में आवेदन | 11.04.2026 से 26.04.2026 |

| | | |
|---|---|---|
| | पत्र प्राप्ति की तिथि। | |
| (iv) | नियोजन इकाई के सदस्य सचिव द्वारा औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन | 29.04.2026 |
| (v) | मेधा सूची पर आपत्ति (यदि हो तो) प्राप्त करने हेतु उसे जिला के जिला के NIC के पोर्टल पर प्रकाशन। | 29.04.2026 |
| (vi) | आपत्ति प्राप्त करने की अवधि | 29.04.2026 से 05.05.2026 |
| (vii) | प्राप्त आपत्ति के निराकरण के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकार से मेधा सूची पर अंतिम रूप से अनुमोदन प्राप्त करना। | 09.05.2026 |
| (viii) | अंतिम मेधा सूची का जिला के NIC के पोर्टल पर प्रकाशन। | 09.05.2026 |
| (ix) | जिला स्तर पर आहूत कैम्प में मेधा क्रम से अभ्यर्थियों को आमंत्रित कर उनके प्रमाणपत्र की प्रारंभिक जाँच एवं चयन सूची तैयार करना। | 12.05.2026 |
| (x) | कोटिवार रिक्ति के अनुसार चयन सूची का जिला के NIC के पोर्टल पर प्रकाशन। | 13.05.2026 |
| (xi) | चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण | 28.05.2026 |

4. विभागीय अधिसूचना संख्या 954 दिनांक–27.02.2026 में निहित प्रावधान के अनुरूप मेधा सूची का निर्माण किया जाएगा। जिला स्तर पर कैम्प का निर्धारण जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी के परामर्श से किया जाएगा।

5. निर्धारित कैम्प में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व समाप्त मानते हुए उपस्थित अभ्यर्थिगण अंतर्गत अंतिम मेधा सूची एवं रोस्टर बिन्दु को ध्यान में रखकर चयन सूची प्रकाशित की जाएगी।

6. चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र निर्गत करने से पूर्व प्रमाणपत्रों की जाँच की जानी है। इससे संबंधित विस्तृत निदेश पृथक रूप से निर्गत किया जाएगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

30.3.26

(अजय सतीश भेंगरा)

उप सचिव,शिक्षा विभाग।

ज्ञापांक 07 / मु0–02–37 / 2025.....1168 पटना, दिनांक 30/03/2026

प्रतिलिपिः–सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी महापौर, नगर निगम /सभी जिला पदाधिकारी/ सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/सभी अध्यक्ष नगर परिषद/नगर पंचायत/सभी कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) / सभी प्रमुख, पंचायत समिति / सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी / सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकात्री को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30.3.26

उप सचिव,शिक्षा विभाग।

ज्ञापांक 07 / मु0–02–37 / 2025.....1168 पटना, दिनांक 30/03/2026

प्रतिलिपिः– राज्य परियोजन निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद/निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/निदेशक,माध्यमिक शिक्षा/सभी सदस्य जिला शिक्षक नियोजन अपीलीय प्राधिकार/आप्त सचिव, माननीय मंत्री शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30.3.26

उप सचिव,शिक्षा विभाग।

ज्ञापांक 07 / मु0–02–37 / 2025.....1168 पटना, दिनांक 30/03/2026

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर , शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30.3.26

उप सचिव,शिक्षा विभाग।

ज्ञापांक–.....639...... /समस्तीपुर, दिनांक–02/04/2026

प्रतिलिपि : संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद/नगर पंचायत–सह–सदस्य सचिव, नगर शिक्षक नियोजन इकाई, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी–सह–सदस्य सचिव, प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उपरोक्त पत्र में अंकित निदेश का समयानुसार अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

2/4/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
समस्तीपुर।
2.4.26

| पासपोर्ट साईज का स्वअभिप्रमाणित फोटो |
|---|

# आवेदन प्रपत्र
## (नगर निगम/नगर परिषद/नगर पंचायत/प्रखंड)
## (जो लागू हो, उसे(✓) करें)

1. नियोजन हेतु आवेदित नगर निगम/नगर परिषद/नगर पंचायत/प्रखंड का नाम :–
2. पद का नाम :– शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक
3. अभ्यर्थी का नाम :–
(क) पिता/पति का नाम :–
(ख) माता का नाम :–
4. जन्म तिथि :– वर्ष [ ] माह [ ] दिन [ ]
5. लिंग :– पुरूष [ ] महिला [ ]
6. पत्राचार का पता :– ग्राम/मोहल्ला/शहर........................थाना........................जिला...... ........... पिन कोड..........................
7. स्थायी पता :– ग्राम/मोहल्ला/शहर........................थाना........................जिला...... ........... पिन कोड..........................
8. कोटि :– सामान्य [ ] आरक्षित [ ]
9. आरक्षण की कोटि :– अ0पि0व0 [ ] पि0व0 [ ]
10. दिव्यांगता का प्रकार :– दृष्टि बाधित [ ] श्रवण बाधित [ ] अस्थिजन्य निःशक्त [ ] मनोविकार [ ]

बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानी, जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/पोती/नाती/नतीनी (हाँ/नहीं) :– [ ]

11. शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता का विवरण
(क) शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा उत्तीर्णता का वर्ष :– [ ]
(ख) शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा का प्राप्तांक प्रतिशतः– [ ]
(ग) शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र0 सं0 | शैक्षणिक योग्यता | विद्यालय/ महाविद्यालय का नाम | बोर्ड/परिषद/ विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | कुल पूर्णांक | कुल प्राप्तांक | प्रतिशत अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैट्रिक | | | | | | |
| 2. | माध्यमिक / उच्चतर माध्यमिक / इण्टर | | | | | | |
| 3. | स्नातक / स्नातक प्रतिष्ठा | | | | | | |
| (घ) प्रशैक्षणिक योग्यता :– | | | | | | | |
| | शारीरिक शिक्षा सर्टिफिकेट / डिप्लोमा / डिग्री | | | | | | |

नोट :– आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से संबंधित प्रमाणपत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

## घोषणा

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त सभी सूचनाएँ सही है। किसी प्रकार की सूचना गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी।

स्थान.........................................

तिथि.........................................

आवेदक का हस्ताक्षर

.............................................................................................................

## प्राप्ति रसीद

श्री / सुश्री / श्रीमती.............................................से मध्य विद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियोजन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया गया, जिसकी प्राप्ति संख्या.........................................है।

दिनांक.........................................

प्राप्तकर्त्ता का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम